दिनांकः 08.08.2024
समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

जयपुर में आज अक्षय ऊर्जा बिजनेस प्रमोशन समिट–2024 आयोजित की जा रही है। ऊर्जा विभाग की ओर से राजस्थान इन्टरनेशनल सेन्टर में हो रहे इस सम्मेलन में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर भाग ले रहे हैं। अक्षय ऊर्जा के विकास तथा इससे संबंधित स्टेक होल्डर्स को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर, पवन तथा सौर ऊर्जा संयंत्र और गैस आधारित बिजली संयंत्रों के लिए राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम तथा केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रम गेल इंडिया लिमिटेड के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किये जाएंगे। इसके माध्यम से राज्य में 4 हजार 200 करोड़ रूपये का निवेश होगा। सम्मेलन में अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं से संबंधित स्टेक होल्डर्स वित्तीय संस्थान, ईपीसी वेण्डर और सौर उपकरणों के निर्माता भाग ले रहे हैं।

प्रदेश में अब 225 वर्ग मीटर या इससे ज्यादा क्षेत्रफल के भू–खण्डों में वर्षा जल पुनर्भरण संरचना प्रणाली बनाना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही औद्योगिक क्षेत्र में 500 वर्ग मीटर या अधिक क्षेत्रफल के भू–खण्डों में भी वॉटर हार्वेस्टिंग–इकाई का निर्माण करना होगा। इस संबंध में राज्य सरकार ने एक परिपत्र जारी किया है। बारिश के पानी को सुरक्षित कर भू–जल स्तर बढ़ाने के लिए ये निर्णय लिया गया है। शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने बताया कि वर्षा जल पुनर्भरण संरचना प्रणाली बनाए जाने पर ही भवन में नये जल कनेक्शन के लिए अनापत्ति प्रमाण–पत्र जारी किया जाएगा।

भारतीय रिजर्व बैंक–आरबीआई ने आज लगातार नौवीं बार रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। चालू वित्त वर्ष के लिए तीसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने इसे साढे छह प्रतिशत पर ही रखने का निर्णय लिया है। स्थायी जमा सुविधा–एसडीएफ दर 6 दशमलब दो पांच प्रतिशत और सीमांत स्थायी सुविधा–एमएसएफ दर और बैंक दर 6 दशमलव सात पांच प्रतिशत पर बनी हुई है। श्री दास ने कहा कि महंगाई 5 प्रतिशत से अधिक होने के कारण समिति ने बहुमत से रेपो रेट में बदलाव नहीं करने का फैसला किया। समिति की अगली बैठक 7 से 9 अक्टूबर को होगी।

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने सलूंबर विधायक अमृतलाल मीणा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से उनके परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज सलूम्बर में विधायक अमृतलाल मीणा को श्रद्धांजलि देंगे। मुख्यमंत्री के आज प्रस्तावित अन्य कार्यक्रम स्थगित कर दिये गये हैं। मुख्यमंत्री ने श्री मीणा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि ये भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है।

गौरतलब है कि श्री मीणा का कल हृदयघात से निधन हो गया था। सलंबूर जिले के लालपुरिया गांव में जन्मे अमृतलाल मीणा ने साल 2004 में सराड़ा पंचायत समिति के सदस्य के तौर पर राजनीति की शुरुआत की थी। इसके बाद वर्ष 2018 और 2023 में भाजपा से विधायक रहे।

राज्य में पिछले 24 घंटों में ज्यादातर स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। कहीं–कहीं भारी से अति भारी बारिश दर्ज की गई। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार सबसे ज्यादा 20 सेंटीमीटर पानी धौलपुर में बरसा। भरतपुर के नदबई में 15 और करौली में 12 और दौसा के महुआ, अलवर के कठुमर में 9–9 सेंटीमीटर बारिश दर्ज हुई।

आज भी कई स्थानों पर सुबह से ही बरसात की झड़ी लगी हुई है। दौसा में तेज बरसात से निचले इलाकों में पानी भर गया है। सूरजपुरा, नामोलाव और भांकरी के बांध लबालब हो गये हैं और इन पर चादर चल रही है। मोरेल बांध में जल स्तर 23 फीट नौ इंच पर पहुंच गया है। पाली का फुलाद बांध ओवलफ्लो हो गया है। टोंक में कल से शुरू हुआ बरसात का सिलसिला आज भी जारी है। राजधानी जयपुर में रिमझिम बरसात का दौर चल रहा है।

जयपुर में आज तीज महोत्सव के दूसरे दिन बूढ़ी तीज की शाही सवारी निकाली जाएगी। ये सवारी त्रिपोलिया गेट से शुरू होगी, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए तालकटोरा पहुंचेगी। इस दौरान लोक कलाकार आकर्षक प्रस्तुतियां देंगे। सवारी का सोशल मीडिया और एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सजीव प्रसारण किया जाएगा।